वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 265 शुक्रवार 20 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर में सेलिब्रेट होगा सिनेमा लवर्स डे

### पूरे दिन शहर के कई सिनेमाघर 99 रुपए में दिखाएंगे फिल्म

**जयपुर. कासं**

पूरे देश में 20 जनवरी को सिनेमा लवर्स डे सेलिब्रेट किया जा रहा है। इसके तहत यह सेलिब्रेशन जयपुर में भी होगा। शहर के कई सिनेमाघर इसे अनूठे अंदाज में सेलिब्रेट करने वाले है। मिराज, आईनॉक्स सिनेमाघर और राजमंदिर सहित कई सिनेमाघरों में इस दिन हर शो की टिकट प्राइज को 99 रुपए रखा गया है। इस दिन दर्शक सिनेमाहॉल में वीरासु, दृश्यम 2, अवतार 2 जैसी फिल्में देख सकते हैं। कई सिनेमाघरों ने ऑनलाइन के साथ ही ऐप पर इस दिन बुकिंग की खास व्यवस्था की है। कम कीमत पर टिकट बॉक्स-ऑफिस काउंटरों पर भी बेचे जाएंगे। जीएसटी के कारण सभी राज्यों में मूल्य निर्धारण एक समान नहीं है। एक्सपर्ट की मानें तो कोरोना काल के बाद से सिनेमा हॉल दर्शकों की भारी भीड़ के लिए तरस रहे हैं। हालात सामान्य हो ही रहे थे कि एक बार फिर कोरोना की आशंका जताई जाने लगी। बहरहाल, सिनेमा लवर्स डे के माध्यम से कंपनियों का बार फिर दर्शकों को सिनेमा हाल तक लाने की कोशिश कर रही हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म का असर भी सिनेमा मालिकों की कमाई पर पड़ा है। हॉलीवुड फिल्म अवतार द वे ऑफ वॉटर पूरी दुनिया में जमकर कमाई कर रही है। विदेश ही नहीं यह फिल्म भारत में भी जमकर पसंद की जा रही है। हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट 2000 करोड़ रुपए के आसपास है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म 2022 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो चुकी है। वह इस अवसर पर इस फिल्म को सिर्फ 99 रुपये में सिनेमाघरों में देख सकते हैं।



### पिछले साल सेलिब्रेट किया था नेशनल सिनेमा डे

बीते साल 23 सितंबर को भी मल्टीप्लैक्स समूहों ने नेशनल सिनेमा डे मनाया था, जिसके तहत दर्शकों को सिर्फ 75 रुपए में अपनी मनपसंद फिल्म देखने का मौका मिला था। उस दिन भी शुक्रवार था और कोई छुट्टी नहीं होने के बावजूद भी लोग सिनेमाघरों में टूट पड़े थे। उस दिन देशभर में 65 लाख से ज्यादा लोग सिनेमा पहुंचे, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड था। ऐसे में सिनेमावालों को पूरी उम्मीद है कि जिस तरह पिछले साल नेशनल सिनेमा डे पर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र को देखने के लिए भारी संख्या में लोग सिनेमाघरों में पहुंचे और एक दिन में इस फिल्म को करीब 14 लाख लोगों ने देखा था।

# राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो का पहला सीजन जोधपुर में

### 5 डोम में 318 स्टॉल; फिजी, सूडान, जाम्बिया, नारू तक से आएंगे बायर्स




**जयपुर. कासं।** गुड़गांव के एक्सपो सेंटर में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल हैंडीक्राफ्ट एक्सपो की तर्ज पर राजस्थान में भी मार्च माह में इंटरनेशनल एक्सपो होगा। यह एक्सपो पहली बार राजस्थान में आयोजित होगा। इसका आयोजन 20 से 23 मार्च तक जोधपुर में होगा। इसमें विदेशों से भी बिजनेस रिप्रजेंटेटिव्स हिस्सा लेंगे। राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोट काउंसिल आयोजन करेगी। राजस्थान में पहली बार होने वाले इस इंटरनेशनल एक्सपो से जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट बिजनेस को पंख तो लगेंगे ही साथ ही राज्य के हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर को प्रोत्साहन भी मिलेगा।

### 5 डोम में लगेंगी 318 स्टॉल

यह एक्सपो बोरानाडा स्थित ट्रेड फैसिलिटी सेंटर पर आयोजित होगा। यहां ऐग्जीबिशन सेंटर पर 5 डोम में 318 स्टॉल लगेंगी। राज्य के हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में एक्सपोर्ट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) द्वारा विशाल और भव्य स्तर पर ह्राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपोह्य का प्रथम संस्करण जोधपुर में आयोजित किया जायेगा। यह एक्सपो जोधपुर के बोरोनाड़ा स्थित ट्रेड फेसिलिटेशन सेन्टर में 20 से 23 मार्च को आरईपीसी के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने आज यह जानकारी दी।

### फिजी गणराज्य, दक्षिण सूडान, जाम्बिया से आएंगे बायर्स

अरोड़ा ने बताया कि इस एक्सपो में भाग लेने के लिए दिल्ली स्थित लगभग 25 विदेशी दूतावास के राजदूतों ने अपने बिजनेस रिप्रजेंटेटिव भेजने के संकेत दिए है। एक्सपो में शामिल होने के लिए फिजी गणराज्य, दक्षिण सूडान, जाम्बिया और नारू सहमति दे चुके है। इन देशों से बायर जोधपुर पहुंचेंगे। जोधपुर के एक्सपोर्टर को जोधपुर में ही विदेशी बायर मिल जाएंगे।

### महिला पहलवानों के समर्थन में धरने पर बैठी MLA कृष्णा पूनिया, कहा...

# यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण का इस्तीफा ले सरकार


**जयपुर.कासं**

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। महिला पहलवानों के बाद अब राजस्थान क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष टछअ कृष्णा पूनिया ने भी बृजभूषण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को पूनिया अपने समर्थकों के साथ जयपुर के स्टैचू सचिव बनने पर बैठ गई है। पूनिया ने कहा कि खिलाड़ी रेसलिंग फेडरेशन की तानाशाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। जब तक बृजभूषण का इस्तीफा नहीं होगा हमारा विरोध जारी रहेगा। कृष्णा पूनिया ने कहा कि विनेश फोगाट सहित भारत की महिला पहलवानों ने रेसलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष के खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनकी वजह से काफी महिला खिलाड़ी परेशान भी हुई है।



ऐसे में उन्हें तुरंत पद मुक्त करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। ताकि देश के खिलाड़ियों और बेटियों को न्याय मिल सके। अगर केंद्र सरकार इस मामले पर कोई एक्शन नहीं लेगी। तो महिला खिलाड़ियों का और देश की बेटियों का सरकार और खेलों से भी विश्वास उठ जाएगा।

# भगवान आदिनाथ निर्वाणात्सव पर आज भक्तामर दीप अर्चना




### 48 मण्डल पर 48 दीपो से होगा महाअर्चना का भक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन संघी जी के मन्दिर सांगानेर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ स्वामी के निवाणोत्सव के शुभ अवसर पर शुक्रवार, 20 जनवरी को आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ के परम सानिध्य मे 48 दीपक से 48 मंडलीय श्री भक्तामर दीप महाअर्चना का आयोजन होगा ।धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की इस दीप अर्चना में 48 मण्डल पर जयपुर की 48 कालोनियों के श्रावक पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे । सायकाल 6 बजे से आयोजित समारोह मे संगीतमय प्रस्तुती श्री विद्या सागर यात्रा संघ द्वारा की जाएगी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शान्तिकुमार - ममता सोगनी, विशिष्ट अतिथि कांता - रश्मि कांत सोनी ,राकेश जैन मधोराजपुरा वाले तथा वीर चंद गजेंद्र बडजात्या होंगे ।

# रोगियों की सुविधार्थ विधायक रावत ने चिकित्सा केंद्रों में बांटे चद्दर और कंबल

### नरवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**



**अजमेर।** पुष्कर विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव राज्य मंत्री राजस्थान सुरेश सिंह रावत अपने क्षेत्र के रोगियों को प्राथमिक उपचार एवं सुविधाएं प्रदान कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। विधायक रावत द्वारा कोरोना काल में भी व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करते हुए अपने क्षेत्र के बीमार नागरिकों की सेवा की, जिसका परिणाम रहा कि पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में कोरोना काल में ज्यादा क्षति नहीं हुई। अपने क्षेत्रवासियों को गांव में ही प्राथमिक उपचार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक कोष की राशि से आवश्यक जांच उपकरण, मशीनें, फर्नीचर, बेड आदि उपलब्ध कराएं। इसी के साथ पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के 6 स्वास्थ्य केंद्रों पर विधायक कोष की राशि से एंबुलेंसे एवं 2 स्वास्थ्य केंद्रों पर क्रिटिकल केयर एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई है। अपने जन सेवा के कार्यों की निरंतरता में विधायक रावत ने आज गुरुवार को नरवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आसपास के समस्त स्वास्थ्य केंद्र छातडी, घूघरा, चाचियावास, दाता, आखरी, गगवाना, मजीतिया, गेगल, कायड, कायमपुरा, अरडका, बबायचा, हाशियावास, होशियारा, मानपुरा ढाणी, रामनेर ढाणी, सराणा, नरवर, उंटडा हेतु कुल 265 कंबल एवं 1100 चद्दर अपने विधायक कोष की राशि से उपलब्ध कराई है।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के पुनः प्रमोद जैन सोनी अध्यक्ष



### रमेश छाबड़ा सचीव, एस के गंगवाल कोषाध्यक्ष बने

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सभी सदस्यों की सर्वानुमति से दिगम्बर जैन सोशल डायमंड की नई टीम का गठन किया गया ।संस्थापक अध्यक्ष डायमंड ग्रुप व राष्ट्रीय वरिष्ट उपाध्यक्ष यश कमल अजमेरा ने बताया कि ग्रुप के तीन मुख्य पदों पर पूर्व के ही तीनो कर्मठ, जुझारू, समर्पित पदाधिकारियों का मनोनयन निर्विरोध संपन्न हुआ। अध्यक्ष -प्रमोद सोनी, सचिव- रमेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष -एस के गंगवाल को बनाया गया।


## चतुर्थ पुण्यतिथि



## श्री कैलाश चन्द बैद

वरिष्ठ पत्रकार एंव राजस्थान की प्रथम विज्ञापन एजेन्सी के संस्थापक
(पुत्र स्व.श्री मदनलाल जी जैन बैद,बडियाल वाले)

अंगुली थामे आपकी, की जीवन की शुरूआत
सफलता-उन्नति जो भी पाई, सब आपका आर्शीवाद
सौम्य सरल व्यक्तित्व को
शत् शत् नमन...

श्रद्धानवत :
राजकुमार-राजकुमारी बैद, आशीष-डॉ. शिप्रा बैद (पुत्र-पुत्रवधू),
डॉ. रिया (पौत्री), गौतम, हार्दिक, तनिष्क (पौत्र),
तारा-देवेन्द्र बाकलीवाल, अन्जना-कमल बडजात्या (पुत्री-दामाद),
कोविद-निधी बाकलीवाल(दोहिता-वधू),परिधि-सौरभ बिलाला (दोहिती-दामाद),
सलोनी (दोहिती) एवं समस्त बैद परिवार बडियाल वाले

रिषभ एडवरटाईजिंग एजेन्सी
राजस्थान एडवरटाईजिंग एजेन्सी
ऑफिस : एस.21, सरदार भवन, बापू नगर, जयपुर
निवास : 10 बी/1 वसुन्धरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर.
50, राजविला, सोनाबाडी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर.

# भगवान आदिनाथ स्वामी के निर्वाण पर किया जायेगा लाडू समर्पित



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

जिले के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी के मूल नायक भगवान श्री आदिनाथ स्वामी के निर्वाण कल्याणक पर प्रभू के श्री चरणों में भक्तो द्वारा थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी की महा आराधना करते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया जायेगा। विजय धुर्रा ने बताया कि युग के आदि में अषि मषि कृषि विद्या वाणिज्य एवं शिल्प का उपदेश देने वाले महाराजा नाभीरिय के पुत्र राजा ऋषभ ने वैराग्य ने राजपाठ को त्याग कर कठिन तपस्या करते हुए निवार्ण को प्राप्त किया जिनका हम सब आज निर्वाण कल्याणक शुक्रवार मंडल के संयोजक में मनाया जायेगा। इस दौरान भगवान का इन्द्रो द्वारा अभिषेक व महा शान्ति धारा की जायेगी। इसके बाद भगवान की पूजन अर्चना के बाद निर्वाण कल्याणक पर प्रभू के चरणों में लाडू समर्पित किया जायेगा।

# प्रज्ञा हिंदी व्याकरण पुस्तक का विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मातृ भाषा हिंदी को सरल एवं प्रायोगिक तकनीक से बच्चों को पढ़ाने के लिए नई शिक्षा नीति पर आधारित डॉ. बी.सी. जैन जयपुर द्वारा लिखित प्रज्ञा हिंदी व्याकरण का विमोचन किया गया। श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मानद् मंत्री सुनील बख्सी, कोषाध्यक्ष महेश काला, श्रीमती सीमा जैन प्रिंसिपल महावीर पब्लिक स्कूल एवं श्रीमती रेणु गोस्वामी प्रिंसिपल श्री महावीर दिगम्बर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के करकमलों से विमोचन हुआ। किड्स च्वाइस बुक वर्ल्ड दिल्ली द्वारा प्रकाशित कक्षा 1 से 8 तक की आठ पुस्तकें देश के विभिन्न सीबीएसई एवं स्टेट बोर्डों के स्कूलों के पाठ्यक्रम में संचालित की जायेंगी। प्रज्ञा हिंदी व्याकरण के निर्माण में श्रीमती प्रज्ञा जैन जयपुर विशेष योगदान रहा। हिंदी भाषा का प्रारंभिक व्याकरणिक ज्ञान कराने के लिए विषय को सरल तरीके से रंगीन चित्रों एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। निश्चित ही यह पुस्तकें भाषा ज्ञान कराने में मील का पत्थर सिद्ध होंगी।

# भारत की प्रथम ई-हेल्पर रॉबोटिक एक्सो स्केलेटन गेट थैरेपी मशीन का लोकार्पण



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** भारत की पहली ई. हेल्पर रॉबोटिक एक्सो स्केलेटन गेट थैरेपी की सुविधा अब उदयपुर में उपलब्ध होंगी। प्रथम ई-हेल्पर रॉबो बॉक मशीन का गुरुवार को प्रतापनगर स्थित आनंदम रिहेबिलिटेशन सेंटर में कलेक्टर ताराचंद मीणा एवं डॉ. आनंद गुप्ता द्वारा उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. पीयूष देवपुरा ने बताया कि अरावली ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल निदेशक डॉ. आनंद गुप्ता के प्रेरणा और मार्गदर्शन से ये मशीन रशिया से खरीदी गई है। इसकी सुविधाएं प्रतापनगर स्थित आनंदम एवं जे.के फिजियोथेरेपी सेंटर शक्तिनगर में मिलेगी। इस मशीन की कार्यप्रणाली को समझाने के लिए रशिया के ही टेक्नीशियन्स के द्वारा दो दिन की वर्कशॉप का पूर्व में आयोजन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर डॉ. आनंद गुप्ता ने कहा कि भारत में लकवा ग्रस्त मरीजों का इस मशीन के द्वारा इलाज कर राहत दिलाने का ये अनूठा प्रयास है। इस मशीन के उदयपुर में आने से लकवा ग्रस्त मरीजों को अन्यत्र भटकना नहीं पड़ेगा, जिसे उनके धन और समय की बचत होगी। जय हनुमान राम चरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट उदयपुर (मेवाड़) के पं. सत्यनारायण चोबीसा ने बताया कि यह रिहेबिलिटेशन सेंटर बहुत ही न्यूनतम शुल्क पर आम आदमी को उपचार उपलब्ध कराएगी साथ ही समय-समय पर निशुल्क शिविर के आयोजन भी किए जाएंगे। डॉ. स्वाति देवपुरा ने बताया कि इस ई-हेल्पर रॉबो वॉक सुविधा घर पर भी प्रदान की जा सकती है। लकवाग्रस्त रोगियों के अतिरिक्त साइनल कॉर्ड इंजूरी, मल्टिपल स्क्लेरॉसिस, जीबीएस सिंड्रॉम जैसी बिमारियो से ग्रसित लोगो के लिए भी यह किसी संजीवनी से कम नहीं। इसका सकारात्मक प्रभाव यह होगा कि मसल्स धीरे-धीरे काम करने लगेंगे और उनकी निष्क्रियता जड़ से भी समाप्त हो सकेगी। रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल:9829050939

## तनुश्री सक्सेना ने 10वीं नेशनल पेनकैंक सिलाट चैंपियनशिप 2023 में जीता सिल्वर मेडल




**जयपुर।** तनुश्री सक्सेना ने इंडियन पेनकैंक सिलाट फेडरेशन (IPSF) द्वारा आयोजित स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, नांदेड़, महाराष्ट्र में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय पेनकैक सिलाट चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीता। उन्हें 28 दिसंबर 2022 को नारगोल, गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय 3rd DAN ब्लैक बेल्ट से भी पुरस्कृत किया गया है। तनुश्री सक्सेना ने 24-25 दिसंबर को बीकानेर में आयोजित 5वीं राजस्थान स्टेट पेनकैक सिलाट चैंपियनशिप 2022 में कलात्मक - सोलो और तुंगल (इंडोनेशियाई मार्शल आर्ट गेम) में 2 स्वर्ण जीते और पश्चिम क्षेत्र के लिए क्वालीफाई किया। दमन और दीव में 29-30 दिसंबर को आयोजित 4 वें वेस्ट जोन पेनकैक सिलाट चैंपियनशिप 2022 में सोलो में रजत पदक और तुंगल में कांस्य पदक जीता और नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। तनुश्री अब तक कराटे और पेनकैक सिलाट में 60 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। वह 2.5 वर्ष की उम्र से पी. एच.डी स्पोर्ट्स क्लब के शिहान महेश कायथ के मार्गदर्शन में खेल रही हैं।

## वेद ज्ञान

### सकारात्मकता पर दें ध्यान

जीवन में विश्वास करना कठिन कामों में से एक है। उसके मन-मस्तिष्क में अक्सर द्वंद्व चलता रहता है। कभी उसे कोई चीज सत्य जान पड़ती है, कभी वही चीज असत्य। जैसे कभी वह रस्सी को सांप समझ बैठता है, कभी सांप को रस्सी। इसलिए वह किसी पर एकदम से विश्वास नहीं कर पाता। वह मुख्यतः भ्रम की स्थिति में ही रहता है। कई बार उसे स्वयं पर भी विश्वास नहीं होता, जबकि उसके लिए इससे आसान कोई दूसरा काम नहीं होता। हर व्यक्ति अपनी क्षमताओं को भली-भांति जानता है। इसी आधार पर वह खुद पर विश्वास कर सकता है, लेकिन ज्यादातर लोग अपनी क्षमताओं को जानने के बावजूद इन्हें लेकर भ्रम की स्थिति में पड़ जाते हैं। इस उलझन में फंस जाते हैं कि वे संबंधित कार्य को पूरा कर पाएंगे या नहीं। हम प्रायः अपने बारे में नकारात्मक टिप्पणियों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं और सकारात्मक टिप्पणियों की उपेक्षा कर देते हैं। इसी तरह हमें असफलता का भय ज्यादा डराता है और इस चक्कर में हम कई बार अपने कार्य शुरू ही नहीं कर पाते हैं। महात्मा गांधी कहते थे कि कुछ न करने से बेहतर है कुछ करना। हमें नकारात्मकता की बजाय सकारात्मकता पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। कई बार हम अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को भी नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि ये दूसरे कार्यों में हमारी प्रेरणा बन सकती हैं। जब हम दूसरों की मदद करते हैं तब भी हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है, इसलिए दूसरों की मदद करनी चाहिए। अपने कर्म के प्रति हमें अपने भीतर इतना मजबूत विश्वास जगाना होगा कि हम उसे प्राप्त करके ही रहेंगे। जो व्यक्ति खुद पर विश्वास कर लेता है, उसके लिए दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। मजबूत विश्वास से कर्म करने वालों की सृष्टि भी मदद करती है, जबकि विश्वास के अभाव में मनुष्य कार्य तक शुरू नहीं कर पाता। शास्त्रों में कहा गया है कि जिस काम को आप अंजाम देना चाहते हो, उसमें अपना विश्वास रखें और उसे करना जारी रखें। विश्वास करने से मनुष्य के विचार मजबूत होते हैं और मजबूत विचारों से किया गया कर्म फलदायी होता है। विश्वास से ईश्वर को भी पाया जा सकता है वरना वह मिट्टी की एक मूरत से ज्यादा नहीं है।

## संपादकीय

# विकास दर में जल्दी ही शुरु जाएगा सुधार

बजट से पहले यह सरकार के लिए निस्संदेह बड़ी राहत की बात है कि महंगाई की दर नीचे की तरफ उतरनी शुरू हो गई है। पिछले हफ्ते दिसंबर में खुदरा महंगाई दर घट कर 5.72 फीसद पर रहने के आंकड़े आए थे। अब थोक महंगाई के 4.95 फीसद पर होने का आंकड़ा आया है। रिजर्व बैंक ने कहा था कि अगर महंगाई की दर छह फीसद तक सिमट जाती है, तो विकास दर में जल्दी सुधार शुरू हो जाएगा। इस लिहाज से अर्थव्यवस्था के लिए यह उत्साहजनक संकेत है। पिछले दो महीनों से थोक और खुदरा दोनों स्तरों पर महंगाई का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है। पिछले साल इसी महीने थोक महंगाई 14.27 फीसद थी। यहां तक कि इस साल नवंबर में यह दर 5.85 फीसद थी। ताजा आंकड़ों में बताया गया है कि थोक महंगाई की दर में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों,



खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों, वस्त्रों और रासायनिक उत्पादों की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई। रिजर्व बैंक के लिए यह राहत की बात इसलिए है कि खुदरा महंगाई की दर बढ़ नहीं रही। यानी उसके मौद्रिक उपाय कारगर साबित हो रहे हैं। मगर अब भी ग्रामीण महंगाई दर छह फीसद से ऊपर बनी हुई है। थोक महंगाई दर में गिरावट का अर्थ है कि भारी उद्योगों में कुछ गति लौटेगी। अभी विकास दर में भारी उद्योगों का योगदान उत्साहजनक नहीं है। उसकी कई वजहों में से एक वजह महंगाई भी है। महंगाई बढ़ने से वस्तुओं के उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिसका स्वाभाविक असर खुदरा व्यापार पर पड़ता है। अभी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें नीचे आ चुकी हैं, जिसकी वजह से खुदरा महंगाई की दर छह फीसद से नीचे आ सकी है। यह फलों, सब्जियों और कई अनाजों के उत्पादन का मौसम है। सब्जियों की पैदावार अच्छी होने की वजह से इनकी कीमतों में कमी आई है। फिर कच्चे तेल और ईंधन की कीमतें न बढ़ने की वजह से ढुलाई का खर्च नहीं बढ़ सका है। इस तरह महंगाई लोगों की सहनशक्ति के नीचे बनी हुई है। संभव है, मौसम बदलने के बाद खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ें और खुदरा महंगाई की दर भी बदले, मगर अगले महीने तक ऐसी किसी स्थिति की आशंका नहीं है। महंगाई दर घटने से एक तो रिजर्व बैंक पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव कम हो गया है। दूसरे, आम लोगों को निवेश के मामले में जो अपने हाथ रोकने पड़ रहे थे, वे कुछ खुलेंगे। स्वाभाविक ही, इससे बाजार में पैसे की तरलता कुछ बढ़ेगी। मगर फिर भी महंगाई की दर में संतुलन बनाए रखने के लिए सरकार के सामने चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। मौसमी उत्पादन की वजह से बेशक खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें काफी कम हो गई हैं, मगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगाई का जो वातावरण बना हुआ है, उसका असर आयात की जाने वाली वस्तुओं पर बना रहेगा। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# हादसे की उड़ान...

नेपाल में हुए विमान हादसे ने एक बार फिर इस चिंता को बढ़ा दिया है कि हवाई सेवाओं के तेजी से विस्तार के दौर में ऐसी घटनाएं आम लोगों पर कैसा असर डालेंगी! हवाई यात्रा निश्चित रूप से सुविधाजनक होती है, लेकिन इसके साथ कई आशंकाएं भी मौजूद रहती हैं। रविवार की सुबह नेपाल के पोखरा में अपने गंतव्य पर पहुंचने और सुरक्षित उतरने के महज कुछ पल पहले यही डर सच साबित हो गया, जब यति एअरलाइंस का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। हालांकि मध्य नेपाल के पोखरा शहर में हाल ही में शुरू हुए हवाई अड्डे पर विमान जब उतरने वाला था, तब चंद पल पहले सब कुछ सही लग रहा था और उसके सुरक्षित उतर जाने की उम्मीद थी। मगर अचानक एक झटके में वह वहां स्थित नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में पांच भारतीयों सहित बहत्तर लोग सवार थे, जिनमें खबरों के मुताबिक सभी मुसाफिरों की मौत हो गई। घटनास्थल के बिल्कुल नजदीक ऊंचे भवनों वाला रिहाइशी इलाका है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर विमान उन घरों पर गिरता, तो नुकसान कितना हो सकता था। नेपाल में विमान के गिरने और इतनी बड़ी तादाद में लोगों के मारे जाने को भी आए दिन होने वाले हादसों में शुमार कर उसी मुताबिक जांच और उसके नतीजे पेश होंगे। लेकिन क्या हादसे के बाद घटना की जांच किसी ऐसे निष्कर्ष तक भी पहुंचती है कि आगे ऐसी त्रासदी से न गुजरना पड़े? नेपाल में हुई ताजा दुर्घटना के बाद विमान का ब्लैक बाक्स मिल गया है और अब उसके जरिए हादसे के कारणों की पड़ताल करने की कोशिश की जाएगी। लेकिन फिलहाल विश्लेषणों के आधार पर जो अनुमान जताए गए हैं, उसके मुताबिक हादसे के लिए मानवीय भूल, विमान प्रणाली में अचानक आई या पहले से मौजूद खराबी या फिर पायलट की थकान जैसी कुछ वजहें हो सकती हैं। ये आशंकाएं इसलिए भी जताई जा रही हैं कि हवाई पट्टी पर उतरने के ठीक पहले तक विमान बिल्कुल सुरक्षित दिशा में था। सवाल है कि अचानक विमान में ऐसा क्या हुआ कि कुछ पल के भीतर ही सब कुछ तबाह हो गया! नेपाल में यह कोई पहला हादसा नहीं है। पिछले तीस सालों में इस तरह के अट्ठाईस हादसे हो चुके हैं। जो विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, वह करीब चार दशक पुराने माडल का था। इसके अलावा, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र, खराब मौसम और कई मामलों में पायलट के पास पर्याप्त अनुभव न होना भी उड़ानों को खतरनाक बनाते हैं। हालांकि ताजा हादसे के वक्त मौसम बिल्कुल साफ था और उसकी वजह से कोई गड़बड़ी पैदा होने की आशंका नहीं थी। मगर ऊंचे पहाड़ों वाले इलाके में स्थित हवाई अड्डों से सुरक्षित उड़ान भरने और उन पर उतरने के लिए पायलटों के विशेष रूप से प्रशिक्षित होने की जरूरत होती है। संभव है कि नेपाल की उड़ान सेवाओं में इस कसौटी का ध्यान रखा जाता हो, लेकिन बड़े हादसों के बाद हवाई सेवाओं के सुरक्षित होने को लेकर कई सवाल उठते हैं। यों भी विमान सेवाओं को चूंकि बेहद संवेदनशील यात्रा माना जाता है, इसलिए उसकी सुरक्षा को लेकर भी सबसे उच्च स्तर की सजगता बरती जाती है। लेकिन अगर इस क्षेत्र में भी आए दिन हादसे होने लगें तो विमान से सफर को लेकर भी आशंकाएं पैदा होंगी। खासतौर पर विमान सेवाओं के निजीकरण के दौर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच आजकल हवाई सेवाओं में आए दिन जैसी गड़बड़ियां देखी जा रही हैं, वे लगातार जोखिम को बढ़ा रही हैं।

# भगवान आदिनाथ निर्वाण महोत्सव पोस्टर का हुआ विमोचन

## भेदभाव नही भेदविज्ञान सिखाता है आदिनाथ का चरित्रः आचार्य श्री सुनील सागर जी

जयपुर. शाबाश इंडिया



श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में शुक्रवार को देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री 1008 आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिन है जिसे तपस्वी सम्राट आचार्यश्री सन्मतिसागरजी महाराज के पट्टाधीष, चर्या चक्रवर्ती, राष्ट्रसंत, आचार्यश्री 108 सुनिलसागरजी महाराज के चतुर्विध संघ के पावन एवं मांगलिक सानिध्य में कैलाश पर्वत की अद्भुद सरंचना के मध्य में 48 मण्डलीय श्री भक्तामर दीप महाअर्चना के साथ यह महा-उत्सव मनाया जा रहा है। जिसके कार्यक्रम के पोस्टर का आचार्यश्री से आशीर्वाद लेकर विमोचन किया गया। आचार्यश्री ने अपने मांगलिक प्रवचनों में कहा कि प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान आदिनाथ हमें भेदभाव करना नही जीवन जीने के भेद सिखाता है कि किस पथ पर चलने से हमारा जीवन सुगम होगा और हमारा कल्याण निश्चित होगा। मूर्खो की तरह मानव जीवन को हंसी मजाक एवं पापकर्मो में व्ययतीत मत करो। यदि आपको भाषा और लिपियों का ज्ञान है तो उसका उपयोग शास्त्राध्ययन में लगाकर अपने जीवन को पार लगाओ। कई लोग कहतें है कि महाराज हमें तो कमाई का साधन बताओ, हंसी मजाक की बात बताओं तो इस पर महाराज ने कहा कि गुरू तो सच्चा उपदेश देते है उससे आप मोटीवेट होते हो या नही यह आप पर निर्भर करता है। हंसी मजाक और कमाई के तो दुनिया में हजारों साधन है जिनमें कई मोटिवेसन स्पीकर भी है जो हंसी मजाक से आपका मनोरजंन करते है। हम तो अपने प्रवचनों से धर्म ध्यान और साधना के द्वारा जीवन के कल्याण का रास्ता बताते हैं। मूर्ख शब्द को परिभाषित करते हुये आचार्यश्री ने कहा कि जो खाता हुआ चलता है, जो बात के बीच में अकारण ही हंसता है, बीते हुये समय की सोच करता है, उपकार कर उसको गिनाता है, दो व्यक्ति बात कर रहें हो और बीच में जाकर बोलता है, ऐसे करने वाला व्यक्ति मूर्ख होता है। अतः हमें उक्त सीख को ध्यान में रखकर मूर्ख नही बनना। शास्त्रों का अध्ययन कर विद्वान बनना है। मन्दिर में जाकर अखबार नही पढना वहां तो जिनवाणी पढ़ना है। मन्दिर संघीजी कमेटी के पदाधिकारियों ने 48 मण्डलीय श्री भक्तामर दीप महाअर्चना के पोस्टर का विमोचन किया एवं मंच संचालन इन्द्रा बडजात्या ने किया।

# बीमारी से बचाव ही सबसे बड़ा इलाजः डॉ. त्रेहन

## वंशानुगत बीमारी हो तो अतिरिक्त सर्तकता जरूरी

जयपुर. शाबाश इंडिया



जीवन में बीमार होना सबसे बुरा है, लेकिन यदि बीमारी आने के संकेत समय रहते मिल जाएं और उसकी पहचान कर बीमार होने से ही बचा जा सके तो इससे अच्छी बात कोई और हो नहीं सकती। हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर होने की भी संभावनाओं की भी जानकारी मिल सकती है। यदि आपके अभिभावकों में से कोई एक इसका मरीज रहा है तो आपको 25 फीसदी और यदि दोनों इसके मरीज रहे हैं तो 50 फीसदी तक इन रोगों से ग्रसित होने की संभावना है। इसलिए जरूरी है कि बीमार होने से पूर्व ही समय रहते कुछ नियमित जांच कराते रहे। यह बात गुड़गांव के मेदांता होस्पिटल के प्रबंध निदेशक, विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ, पदमश्री व पदमभूषण से सम्मानित डॉ. नरेश त्रेहन ने गुरुवार को माहेश्वरी स्कूल के तक्षशिला सभागार में हार्ट-टू-हार्ट विषयक संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। संगोष्ठी का आयोजन राजेश कालानी फाउण्डेशन व श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया। उन्होंने कहा कि भारत में बीमार होने के बावजूद देरी से आने की मरीज की परम्परा रही है, लेकिन इसे ठीक करने की जरूरत है। चिकित्सा क्षेत्र में वर्तमान में बीमारी से बचाव पर ही पूरी तरह फोकस किया जा रहा है। उन्होंने भारत में बढ़ती मधुमेह के रोगियों की संख्या का कारण खान-पान व जीवन में असंतुलन बताया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि यह जरूरी नहीं कि डायबीटिज और हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं आपको पूरे जीवन भर खानी पड़ेगी। यदि डॉक्टर की सलाह के अनुसार स्वास्थ्य पर ध्यान देंगे तो यह दवाएं भी बंद हो सकती है। कोरोना के दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना ने विश्व भर में जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। अब तक भी कोरोना वायरस के प्रभाव का वैज्ञानिकों को पूरी तरह पता नहीं लग सका है। शोध जारी है, लेकिन यह तय हो गया है कि कोरोना वायरस के कारण केवल फैफड़े ही नहीं नसें और हृदय पर भी गंभीर असर पड़ा है।


## तीये की बैठक



### श्री राजेंद्र छाबड़ा (राजू)

पुत्र स्व. सुरेश जी छाबड़ा का स्वर्गवास 18.01.2023 को हो गया। **तीये की बैठक 20.01.2023 को प्रातः 10 बजे दिगम्बर जैन मंदिर, इमली फाटक, जनकपुरी पर होगी।**

शोकाकुलः प्रियंका (बिन्नू) (धर्मपत्नी), कांतोदीव (माता), प्रवीणचन्द्र (वरिष्ठ पत्रकार), कैलाशचंद्र (दादा), शैलबाला मोहनीदेवी (दादी), जयकर-प्रेमलता, प्रदीप, प्रमोद, मनोज, सुनील, आशीष, अजय, मनीष (चाचा), राजीव (बन्टी)-संगीता, रितेश-शालू (भ्राता-भ्रातावधू), कार्तिक (पुत्र), लक्ष्य, दक्ष (भतीजा), शीला-शरद काला, शर्मिला-निर्मल बज (बहन-बहनोई), कृति-देवेश शाह (पुत्री-दामाद) समस्त छाबड़ा परिवार। करतारपुरा फाटक, 9828021325

ससुरालपक्षः कुसुम (भाभी), रविन्द्र, प्रधुम्न, राजेंद्र, प्रेम, अनिल, गोपाल (साले) सौरभ-उर्वी (भतिजा) शाह परविार

# भगवान आदिनाथ स्वामी के निर्वाण पर किया जायेगा गांव मंदिर मे लाडू समर्पित आज



**गौरव जैन सिन्नी. शाबाश इंडिया**

अशोक नगर। जिले के पुराना बाजार स्थिति आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के मूल नायक भगवान श्री आदिनाथ स्वामी के निर्वाण कल्याणक पर प्रभू के श्री चरणों में भक्तो द्वारा प्रात 7 बजे शांतिधारा अभिषेक भगवान आदिनाथ स्वामी की महा आराधना करते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया जायेगा। गांव मंदिर के कोषाध्यक्ष जिनेश जैन लालू ने बताया कि युग के आदि में अषि मषि कृषि विद्या वाणिज्य एवं शिल्प का उपदेश देने वाले महाराजा नाभीरिय के पुत्र राजा ऋषभ ने वैराग्य ने राजपाठ को त्याग कर कठिन तपस्या करते हुए निवाणं को प्राप्त किया । जिनका हम सब आज निर्वाण कल्याणक मनायेगे ।इस दौरान भगवान का इन्द्रो द्वारा अभीषेक व जगत कल्याण की कामना के साथ शान्ति धारा की जायेगी।इसके बाद भगवान की पूजन अर्चना के बाद निर्वाण कल्याणक पर प्रभू के चरणों में लाडू समर्पित किया जायेगा।

# भारतीय जैन महासंघ शाखा श्रीमहावीरजी की मिटिंग सम्पन्न

**चन्द्रेश जैन. शाबाश इंडिया**



श्री महावीर जी। स्थानीय श्री शांतिवीरनगर श्रीमहावीरजी मे भारतीय जैन महासंघ शाखा श्रीमहावीरजी की मिटिंग अध्यक्ष चन्देश जैन के अध्यक्षता रखी गई जिसमे महासंघ के निम्न सदस्यों ने भाग लिया : महेश कासलीवाल सरंक्षक, चन्द्रेश जैन अध्यक्ष संजय जैन कोषाध्यक्ष राजकुमार पाडंया शाखा मंत्री अरविंद जैन उपाध्यक्ष एंव नये सदस्य जिन्हे महासंघ मे सम्मिलित किया गया प्रेमचंद जैन, सुरेन्द्र जैन, संदीप जैन, सुरेन्द्र जैन, आनंद जैन, शुभम बोहरा। रात्रि मे भक्तामर दीप महा अर्चना का आयोजन किया गया। मिटिंग के अंत मे श्री महावीर स्वामी के जय कारे के साथ मिटिंग सम्पन्न हुई।



# श्री महावीर कॉलेज की स्वाती खांडल ने जीता स्वर्ण पदक



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान विश्वविद्यालय के 32 वां दीक्षांत समारोह तथा 77 वां स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र और कुलपति राजीव जैन ने श्री महावीर कॉलेज की छात्रा स्वाति खांडल को युनिवर्सिटी टॉपर 2021, एम कॉम (एच आर एम) मे गोल्ड मेडल प्रदान किया। महावीर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद मंत्री सुनील बख्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, प्राचार्य आशीष गुप्ता तथा कॉलेज स्टॉफ ने भी उन्हे बधाईयाँ प्रेषित की गई।

# मेरे पड़ोस के दो लोगों ने घुटने का ट्रांसप्लांट करवाया....

## एक बेचारे पहले से ज्यादा लंगड़ाने लगे हैं, दूसरे व्यक्ति पहले थोड़ा बहुत चला करते थे अब साफ पंगु हो गये हैं-इस बारे में आपकी क्या राय है?

**शाबाश इंडिया**

घुटने के ट्रासप्लांट्स करने के बाद लगातार कुछ समय तक फिजियोथैरेपी करनी पड़ती है। लोगों की धारणा है कि घुटने बदल गए अब अपना काम समाप्त। हम जिस तरह कुछ दिन नई बाइक के इंजन को रवां करने के लिए लिमिट स्पीड पर चलाकर व तेल का ध्यान रखते हैं यही बात घुटने प्रत्यारोपण में होती है। आपरेशन के बाद आलस्यवश कुछ कसरत नहीं करते और वहां की मांस पेशी कार्य क्षमता खो देती है। मेरा अनुभव है कि मैंने मेरे दोस्त की मौसीजी उम्र ६५ वर्ष के दोनों घुटने बदलवाए थे, लगभग एक माह तक फिजियोथैरेपी हुई फिर वह स्वयं कर लेती थी, रोज टहलने जाती थी। उनको मरते दम तक किसी तरह की परेशानी नहीं हुई वह जीना



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान
विधानसभा,जयपुर। 9828011871

चढ़ना यहां तक कि माता बैष्णो देवी के दर्शन को भी (घोड़े से) आराम से गई। अपने आप घोडे पर चढ़ी और उतरी।सिर्फ घुटने को ज्यादा नहीं मोड पाती थी अन्य उनके साथ कोई परेशानी दर्द आदि रहा जो आयुर्वेद की घरेलू दवाई से ठीक हो गया। कोई कह नही सकता था कि उनका आपरेशन भी हुआ है। जो घुटने बदलवाते है उनको डाक्टर द्वारा बताई एक्सरसाइज अवश्य करनी चाहिए, जिससे उनके बीच में अच्छी तरह सामंजस्य बैठ जाए। वह दोनों पंगु इस लिए हो गए कि उन्होंने ऑपरेशन के बाद में किए जाने वाले काम नहीं किए या सस्ते वाले घुटने लगवा लिए होंगे। मेरी जानकारी के अनुसार जानसन एंड जानसन कंपनी के घुटना उपकरण अच्छा होता है जो



१५ से २० साल तक लाभकारी होता है ।

Reg. No.: COOP/2023/JAIPUR/204826 स्थापित - 1986 संस्थापक : स्व. श्री ज्ञान प्रकाश बख्शी




**महापारणा महामहोत्सव**
18 माह के मौनव्रत का पारणा

**महाप्रतिष्ठा महामहोत्सव**
स्वर्ण मन्दिर में महाप्रतिष्ठा

**सामूहिक पर्वत वन्दना**
1100 यात्रियों के साथ वन्दना

स्लीपर क्लास सीट सहयोग राशि ₹ 4000/- प्रति यात्री

थर्ड एसी सीट सहयोग राशि ₹ 7000/- प्रति यात्री

सैकण्ड एसी सीट सहयोग राशि ₹ 9000/- प्रति यात्री

## गुरूवार, 26 जनवरी से मंगलवार, 31 जनवरी 2023

# अंतर्मना एक्सप्रेस

## जयपुर से सम्मेदशिखर जी स्पेशल रेल यात्रा

| संरक्षक | मुख्य संयोजक | रेल्वे समन्वयक |
|---|---|---|
| सुभाष चन्द जैन 98290-14617 | शैलेन्द्र साह (चीकू) 94142-38656 | आर.के. जैन रेल्वे 63505-70300 |


सीट बुक करवाने हेतु निम्न संयोजकों से सम्पर्क करें-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुरेश ठोलिया 98292-45642 | प्रकाश गंगवाल 94146-06465 | सूर्य प्रकाश छाबड़ा 94140-72214 | अमरचन्द दीवान खोराबीसल 99288-52440 |
| विनेश सौगानी 98291-50784 | मनीष लुहाड़िया 94140-78073 | विनोद जैन कोटखावदा 90575-55542 | जिनेन्द्र जैन 94147-95464 |

# है ना आश्चर्य की बात?

## कुछ लोग आपके जैसा बनना तो चाहते हैं, लेकिन वो आपको पसंद नहीं करते, हैं ना आश्चर्यजनक: अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी

**सम्मेद शिखर जी. कासं।** हर स्थिति में हमारे पास दो विकल्प होते हैं-शुभ करे या अशुभ, अच्छा करे या बुरा-बस यहीं से हमारी किस्मत बनना शुरू होती है। हम जो रास्ता चुनते हैं उसके अनुसार ही हमें उसका फल मिलता है। जब हम स्वयं पर भरोसा करते हैं, तो जीवन में परिवर्तन आना शुरू हो जाता है। जब हम पूरी जिम्मेदारी से अपने फैसले लेते हैं और अपने कार्य पर फोकस करते हैं तो वह भरोसा हमे सुकून और शान्ति की ओर ले जाता है और आत्म विश्वास से भर देता है। बेहतर बदलाव की कामना बिना भरोसे पूरी नहीं हो सकती। किसान खेत में बीज डालता है और भरोसा करता है कि इस बार की फसल हर बार से बेहतर आयेगी। बोए हुए भरोसे के बीज जब धीरे धीरे बढ़ते हैं, तब मन के डर, कई तरह के डरों को दूर कर देते हैं। भरोसा करना है या नहीं, यह एक चुनाव है, एक अभ्यास है, जो हमें नई सम्भावनाओं और अवसरों की ओर ले जाता है। हमारे जीवन में बहुत सी कठिनाइयों और परेशानियों का मूल कारण है विश्वास की कमी। या यूं कहें कि - हमें स्वयं पर विश्वास करने से डर लगता है, खासकर खुद पर। आत्म विश्वास दुनिया की सबसे बड़ी औषधि और सफलता है। **नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com


# जे एस जी सिद्धा ने बच्चों को भोजन कराया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जे एस जी सिद्धा ने 18 जनवरी को आंचल बालिका गृह में बच्चों को सायकालीन भोजन कराया गया। संस्थापक अध्यक्ष धीरज पाटनी ने बताया कि बच्चों को भोजन कराने और उनके साथ बैठकर बात करने एवं समय व्यतीत करने में मन और आत्मा को बहुत खुशी मिलती है।


# हार्दिक श्रद्धांजलि

सभी के प्रिय मिलनसार, धर्मनिष्ट व्यक्तित्व के धनी
जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य



## श्री राजेंद्र जी जैन छाबड़ा

के आकस्मिक निधन पर जैन सोशल ग्रुप सन्मति परिवार

# हार्दिक श्रद्धांजलि

अर्पित करता हैं तथा परम पिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की प्रार्थना करता है।

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति

**श्रद्धानवत**

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

**एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर**